भारतीय कंपनियों में पीई वीसी निवेश 62% बढ़ा

मुंबई | एजेंसी

निजी इक्विटी (पीई) एवं उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों ने बीते साल यानी 2021 में भारतीय कंपनियों में 77 अरब डॉलर का निवेश किया, जो इससे एक साल पहले की तुलना में 62 फीसदी अधिक है।

मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में पीई एवं वीसी कोषों ने 1,266 सौदे किए जो वर्ष 2020 की तुलना में 37 फीसदी अधिक हैं। यह रिपोर्ट लॉबी समूह आईवीसीए और सलाहकार फर्म ईवाई ने तैयार की है। ईवाई के साझेदार विवेक सोनी ने कहा कि वर्ष 2021 में शुरुआत से ही निवेश में तेजी का रुख रहा और दूसरी छमाही में इसकी रफ्तार और बढ़ गई। स्टार्टअप कंपनियों में निवेश का बढ़ना वर्ष 2021 की सबसे अहम बात रही।